# सांसद के घर के बाहर कांग्रेसियों ने नारेबाजी कर जताया विरोध

▶ **मंदसौर विधानसभा के तीनों ब्लॉक कांग्रेस के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम सम्पन्न**

**मंदसौर।** भाजपा शासित इंदौर नगर निगम द्वारा सप्लाई किए गए मल-मूत्र युक्त दूषित पानी के सेवन से अब तक 15 लोगों की दुखद मृत्यु हो गई है तथा अनेक लोग अभी भी उपचाररत हैं और सरकार में बैठे मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा उलूल जूलूल बयान दे कर जनता व मीडिया का मजाक उड़ाकर असंवेदनशीलता का परिचय दिया है। इसी मुद्दे को लेकर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार मन्दसौर विधानसभा के मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, मन्दसौर ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं दलौदा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के आहवान पर मंदसौर जिला मुख्यालय पर स्थित सांसद सुधीर गुप्ता के घर के बाहर कांग्रेस जन ने घंटे, घड़ियाल बजा कर जोरदार प्रदर्शन किया। सुबह 11 बजे से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता इक्ट्ठे होकर बीजेपी सरकार व उसके मंत्रियों के खिलाफ घंटे, घड़ियाल बजाकर जोरदार नारेबाजी की वहीं सांसद सुधीर गुप्ता के घर तक पुलिस द्वारा लगाए गए बेरीकेट्स को कांग्रेस के कार्यकर्ता ने गिराते हुए सांसद के घर के बाहर प्रदर्शन कर नारे बाजी की।

विरोध प्रदर्शन के अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि प्रदेश की कानून-व्यवस्था चरमरा गई है। प्रदेश की सरकार को जनता से कोई सरोकार नहीं है, भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी सरकार के मंत्री गलत बयान बाजी कर जनता का मखौल उड़ा रही है। कांग्रेस पार्टी इस अन्याय के खिलाफ हर स्तर पर संघर्ष करेगी और पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाकर रहेगी। विधायक विपिन जैन ने कहा कि इंदौर की घटना बेहद निंदनीय है और



यह प्रशासन की विफलता को दर्शाती है। दोषियों पर सख्त कार्रवाई कर पीड़ितों को न्याय देना सरकार की जिम्मेदारी है। इस प्रदर्शन में प्रदेश कांग्रेस महासचिव सोमिल नाहटा, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनजीत सिंह टुटेजा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मो.हनीफ शेख, ब्लाक अध्यक्षगण में सुश्री इष्टा भाचावत, विकास दशोरा, विनोद शर्मा जिला कांग्रेस पदाधिकारीयो में सर्वश्री कांति लाल राठौर, अजय लोढ़ा, राजनारायण लाड़, कमलेश सोनी, आदित्य पाटिल, सुनील पामेचा, प्रमोद भावलकर, मुकेश रत्नावत, संजय नाहर, अभिषेक पाटीदार, राजेश फरक्या, चंदर सिंह सिसोदिया, साबिर इलेक्ट्रिशन, गोविंद सिंह सिसोदिया, माजिद चौधरी, खलील पठान, जितेंद्र सोपरा, निर्मल बसेर, सुनील बसेर, विजय सिंह सिसोदिया, पूर्व सेवादल जिला अध्यक्ष जड़दीप सिंह राजपूत, पूर्व अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष युनुस मेव मोर्चा संगठन में ऋतिक पटेल, अनीस मंसूरी, रमेश सिंगार, राजेंद्र सेठिया, पंकज सतीदासानी, मिथुन कटारिया, सम्यक जैन, नितिन शर्मा महिलाओं में नगर पालिका मंदसौर में नेता प्रतिपक्ष श्रीमती रफत पयामी, अंजू तिवारी, सुनीता बंडी,राखी सत्रावाला, नेहा कनकमल जेन,वर्षा सांखला, मीना चौहान, मंडलम अध्यक्षगण अजय सोनी, दशरथ राठौर, पंकज जोशी,अजय मारू शुभम कुमावत, वकार खान, रमेश ब्रिजवानी, चंद्रशेखर अहिरवार, रविन्द्र कुमावत, सेक्टर अध्यक्ष सादिक गोरी राजेश खींची, महेश गुप्ता, कन्हैयालाल कुमावत साथ ही इस अवसर पर प्रवीण मांगरिया, सुनील गुप्ता, मनोहर नाहटा, अमित छाबड़ा, रमेश धनगर, दुर्गा शंकर धाकड़, आदर्श जोशी सुखदेव कुमावत, शैलेश माली, गगन माली, आमीन खान, अकरम खान, जावेद अली, दिनेश नाई, सुरेश धनगर, कैलाश कुमावत, बाबूलाल इरवार, कन्हैयालाल इरवार, विकास राठौर, अमृत कुमावत, महेश कुंवार,नारायण कुमावत अक्षय सेठिया, समीर खान, प्रीतम पंचोली, मो.राकेश सेन,फारुख कुरैशी, राजेश चौधरी, राकेश पाटीदार, राजेन्द्र पाटीदार, मनोहर रत्नावत शाकिर भाई सदर, सुखदेव डोराना, श्याम सालवी, शाकिर हुसैन, राजू पाटीदार, महावीर सिंह भाटी, राहुल सूर्यवंशी, अशोक सूर्यवंशी, बाबूलाल सूर्यवंशी, हरीश हैदरवास, रितेन अजनार आदि बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर में

### 5 और 6 जनवरी को रहेगा अवकाश

**मंदसौर।** जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मंदसौर ने जानकारी दी है कि जिले में वर्तमान में शीत लहर के कारण न्यूनतम तापमान में अत्यधिक गिरावट दर्ज की जा रही है। विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए मंदसौर जिले के अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय एवं अशासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए दिनांक 05 जनवरी 2026 से 06 जनवरी 2026 तक अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त अवधि में अन्य महत्वपूर्ण शैक्षणिक गतिविधियाँ, जैसे परीक्षाएँ आदि, पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार संचालित रहेंगी। जिला प्रशासन द्वारा मौसम की स्थिति पर सतत निगरानी रखी जा रही है तथा आवश्यकतानुसार आगे निर्णय लिया जाएगा।

### ईसीआई (भारत निर्वाचन) मीडिया अवॉर्ड-2025 के लिए प्रविष्टियाँ आमंत्रित 7 जनवरी तक प्रविष्टियाँ होंगी जमा

**मंदसौर।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने वर्ष 2025 में 'बेस्ट कैम्पेन ऑफ वोटर्स, एजुकेशन एण्ड अवेयरनेस'' कार्यक्रम चलाने वाले मीडिया संस्थानों के लिये 4 श्रेणियों में पुरस्कार देने का निर्णय लिया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (टेलीविजन) मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (रेडियो) मीडिया और ऑनलाइन (इंटरनेट)/सोशल मीडिया श्रेणी में वर्ष 2025 में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे।

### सीतामऊ साहित्य महोत्सव का कल होगा आगाज

**मंदसौर।** सीतामऊ की गौरवशाली साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत को समर्पित सीतामऊ साहित्य महोत्सव का भव्य आग़ाज़ कार्यक्रम दिनांक 06 जनवरी 2026, शाम 5 :30 बजे सेवा कुंज, लदूना में आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन जिले में साहित्य, कला और संस्कृति के संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। आग़ाज़ कार्यक्रम में विधायक हरदीप सिंह डंग एवं कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ आकाशदीप आसमान में छोड़कर भव्य आतिशबाज़ी के साथ किया जाएगा। इससे पूर्व, दोपहर के समय बच्चों के लिए एक विशेष बाल मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा रचनात्मक एवं आकर्षक स्टॉल्स लगाए जाएंगे। मेले में पानीपुरी, फ्रूट चाट, मेहंदी पेंटिंग सहित अनेक मनोरंजक एवं स्वादिष्ट स्टॉल्स बच्चों द्वारा संचालित किए जाएंगे, जो उनकी रचनात्मकता, आत्मनिर्भरता एवं सहभागिता को प्रोत्साहित करेंगे। सीतामऊ साहित्य महोत्सव का यह आग़ाज़ कार्यक्रम साहित्य, संस्कृति और सामुदायिक सहभागिता का एक सशक्त मंच सिद्ध होगा, जिसमें जनसामान्य, विद्यार्थी एवं साहित्य प्रेमी बड़ी संख्या में सहभागिता करेंगे।

### 27 जनवरी तक दावे आपत्ति प्रस्तुत करें

**मन्दसौर।** मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती अनिता चोकोटिया द्वारा बताया गया कि वार्ड क्रमांक 01 एवं वार्ड कं. 22 से 40 तक की सम्पत्तियों का जी0आई0एस0 सर्वे कार्य पूर्ण होकर उक्त वार्डो का सर्वे डाटा अवलोकन हेतु नगरपालिका के सम्पत्तिकर शाखा में रखा गया है, जिसका अवलोकन करदाता कर सकते है तथा दिनांक 27/01/2026 तक लिखित रूप से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त दिनांक तक कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत नही होने पर जी0आई0एस0 सर्वेक्षित डाटा को मान्य किया जाकर सर्वेक्षित सम्पत्तियों पर कर वसूली की कार्यवाही की जावेगी।

### जीव दया प्रकल्प के अंतर्गत गौवंश आहार सेवा संपन्न



**मन्दसौर।** बड़े साथ ओसवाल महिला इकाई के तत्वावधान में श्रीमती नीता श्याम चपलोत द्वारा उनके सुपुत्र के जन्मदिवस के पावन अवसर पर 10 नम्बर नाके, खानपुरा स्थित गौशाला में गौवंश आहार सेवा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़े साथ ओसवाल महिला इकाई की उपाध्यक्ष पायल जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि गौशाला में गौवंश को हरी घास एवं गुड़ का आहार करवाकर अत्यंत ही सुखद एवं आत्मिक आनंद की अनुभूति हुई। बड़ी संख्या में गौमाताओं को आहार कराते हुए मन में असीम शांति और संतोष का भाव उत्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती नीता चपलोत द्वारा गौशाला में उपस्थित बच्चों को स्वल्पाहार भी करवाया गया, वहीं महिला इकाई की सचिव अमिता मुरडिया द्वारा बच्चों को उपहार वितरित किए गए, जिससे सभी बच्चों के चेहरों पर खुशी झलक उठी। आज का यह जीव दया प्रकल्प सभी के लिए अविस्मरणीय रहा। प्रकल्प में चंदा मारु एवं दीपा मारु ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए कार्यक्रम का उत्साहवर्धन किया। अंत में सचिव अमिता मुरडिया ने सभी सहयोगकर्ताओं एवं उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

### खड़ावदा के बालाजी मंदिर रूपपुरा में महा झंडा सम्मेलन



**गरोठ।** ग्राम पंचायत खड़ावदा अंतर्गत ग्राम रूपपुरा स्थित श्रीमनकामनेश्वर बालाजी धाम में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा की पूर्णाहुति के अवसर पर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी महा झंडा सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। शनिवार 3 जनवरी 2026 को आयोजित इस आयोजन में मंदसौर जिला सहित मध्यप्रदेश एवं राजस्थान से लगभग 45 बालाजी झंडा मंडलों ने सहभागिता की। झंडा मंडलों के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भजनों से पूरे गांव में दिनभर भक्तिमय वातावरण बना रहा। कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से रात्रि लगभग 12 बजे तक चला। इसी दौरान प्रातः 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। ग्रामवासियों एवं आसपास क्षेत्र के श्रद्धालुओं का आयोजन में विशेष सहयोग रहा। ग्रामवासियों ने सभी आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया तथा बालाजी महाराज से क्षेत्र में सुख-शांति व समृद्धि बनाए रखने की कामना की।




## जनसहयोग से संवर रहा पथवारियां मार्ग मोक्ष धाम, श्रद्धांजलि स्थल पर शेड निर्माण की अपील

**गरोठ। मोक्ष धाम समिति की सतत मेहनत, लगन और सक्रियता से पथवारियां मार्ग स्थित मोक्ष धाम आज स्वच्छ वातावरण और हरियाली का प्रतीक बनता जा रहा है। कभी उपेक्षित नजर आने वाला यह मुक्तिधाम अब सुव्यवस्थित संरचना, हरित गार्डन और शांत माहौल के कारण नागरिकों के लिए आत्मशांति का केंद्र बन चुका है।**

समिति द्वारा समाज के सभी वर्गों के सहयोग से निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुक्तिधाम परिसर में स्थित भैरूजी के चबूतरे पर बने श्रद्धांजलि स्थल को और अधिक सुविधाजनक बनाने हेतु लट्ठ पाइप एवं टीन से शेड निर्माण का प्रस्ताव रखा गया है, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 75 हजार रुपये है। वर्तमान में स्थल का एक हिस्सा खुला होने से धूप व वर्षा में शोकाकुल परिजनों को परेशानी होती है, जिसे देखते हुए यह कार्य आवश्यक बताया गया है।

मोक्ष धाम समिति ने समाज के धर्मप्रेमी नागरिकों, भामाशाहों एवं दानदाताओं से इस पुण्य कार्य में धन, सामग्री अथवा श्रमदान के माध्यम से सहयोग की अपील की है। समिति का कहना है कि मुक्तिधाम में किया गया प्रत्येक योगदान मानवता, संस्कार और संवेदनशीलता का प्रतीक है। अब तक जिस प्रकार जनसहयोग से मुक्तिधाम का कायाकल्प हुआ है, उसी तरह श्रद्धांजलि स्थल का निर्माण भी सामूहिक सहभागिता से शीघ्र पूर्ण होगा।

## मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के नवीन सदस्यता के कार्ड वितरित

**मन्दसौर।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ (रजि.) के वर्ष 2026 के नवीन सदस्यता कार्ड का वितरण कल रविवार को जनता कॉलोनी स्थित कार्यालय पर किया गया। प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देशानुसार मंदसौर ब्लॉक के नवीन सदस्यता कार्ड का वितरण रतलाम संभाग इकाई के अध्यक्ष डॉ. प्रीतिपालसिंह राणा के आतिथ्य में जिला महासचिव संजय भाटी द्वारा किया गया। इस अवसर पर सीतामऊ, मल्हारगढ़, नाहरगढ़, दलौदा ब्लॉक इकाई के अध्यक्षों को आमंत्रित कर उनकी ब्लॉक इकाई के कार्ड भी वितरण हेतु सौंपे गये। इस अवसर पर संभाग इकाई अध्यक्ष डॉ. प्रीतिपालसिंह राणा ने कहा कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नवीन सदस्यता परिचय पत्र वितरण कार्य नये वर्ष के प्रथम सप्ताह में करने पर समस्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन की एकता एवं पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिये भदौरिया के साथ मजबूत करें।

## 46वीं राष्ट्रीय सीनियर थ्रो-बॉल प्रतियोगिता संपन्न

▶ **पुरुष व महिला वर्ग में कर्नाटक विजेता**




भानपुरा। सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय परिसर में 1 से 4 जनवरी तक आयोजित 46वीं राष्ट्रीय सीनियर थ्रो-बॉल प्रतियोगिता का समापन रविवार को फाइनल मुकाबलों के साथ हुआ। प्रतियोगिता के पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में कर्नाटक राज्य की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया।

पुरुष वर्ग के फाइनल में कर्नाटक ने मेजबान मध्यप्रदेश की टीम को 25-21 के स्कोर से पराजित किया, वहीं महिला वर्ग के फाइनल में कर्नाटक ने आंध्र प्रदेश को 25-19 से हराकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। दोनों वर्गों में आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना की टीमों ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। कोहरे के कारण फाइनल मुकाबले कुछ देर से प्रारंभ हुए, लेकिन दर्शकों की भारी उपस्थिति रही और सैकड़ों खेलप्रेमियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

समापन समारोह में विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की गई तथा खिलाड़ियों को पदक व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक देवीलाल धाकड़ रहे। विशिष्ट अतिथियों में थ्रो-बॉल एसोसिएशन के राष्ट्रीय सचिव गोविंद राज, मध्यप्रदेश थ्रो-बॉल एसोसिएशन के सचिव प्रवीण सांगते, प्रेस क्लब अध्यक्ष लालचंद रुद्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार अनिल नाहर, पत्रकार अशोक राठोर एवं मंदसौर जिला थ्रो-बॉल एसोसिएशन सचिव तरुण लोहार उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि देवीलाल धाकड़ ने अपने संबोधन में कहा कि खेल जीवन में सकारात्मक सोच, अनुशासन और संकल्प की प्रेरणा देते हैं तथा जीत-हार दोनों से सीख लेने की भावना आवश्यक है। राष्ट्रीय सचिव गोविंद राज ने छोटे शहर में इतने बड़े राष्ट्रीय आयोजन के सफल आयोजन पर मध्यप्रदेश थ्रो-बॉल एसोसिएशन को बधाई दी। इस अवसर पर प्रवीण सांगते, तरुण लोहार सहित अन्य खेल प्रशिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।

चार दिवसीय इस प्रतियोगिता में देश के 23 राज्यों से लगभग 550 खिलाड़ियों ने भाग लेकर खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन।

## श्री श्री मां शक्ति सेवा संस्थान में पं. गोपाल कृष्ण शास्त्री का भव्य अभिनंदन

**मंदसौर।** मल्हारगढ़ तहसील के ग्राम बही पारसनाथ स्थित श्री श्री मां शक्ति सेवा संस्थान परिसर में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह संस्थान की संस्थापक एवं श्री भागवत आचार्य पंडित गोपाल कृष्ण शास्त्री की पांच दिवसीय श्री सांवलिया सेठ धाम तक की पैदल यात्रा के सफल समापन के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के धर्मप्रेमी नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। समारोह की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने पंडित गोपाल कृष्ण शास्त्री का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया तथा उनकी धार्मिक साधना, सेवा भाव और समाज में आध्यात्मिक चेतना के प्रसार के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार की पदयात्राएं समाज में आस्था, एकता और सद्भाव का संदेश देती हैं। कार्यक्रम के दौरान पंडित गोपाल कृष्ण



शास्त्री ने भी समारोह में पधारे सभी अतिथियों का पुष्प मालाएं पहनाकर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि श्री सांवलिया सेठ की कृपा से यह यात्रा पूर्ण हुई है और इसका उद्देश्य जन-जन में भक्ति, संस्कार एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है। उन्होंने संस्थान से जुड़े सभी सहयोगियों, ग्रामवासियों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विशेष रूप से पिपलिया मंडी वरिष्ठ समाजसेवी रूपचंद होतवानी, शंकर लाल हरजानी, जिला पंचायत सदस्य दीपक गुर्जर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य तेजपाल सिंह धाकड़ी, वरिष्ठ भाजपा नेता पिपलिया मंडी सुधीर जैन, मामा मंडी व्यापारी अध्यक्ष कृष्ण भूत शिक्षक ओमप्रकाश गहलोत, नगर परिषद उपाध्यक्ष भारत सिंह सोनगरा, सरपंच मनमोहन पाराशर, संस्थान अध्यक्ष मुकेश लोहार,पूर्व मंडल अध्यक्ष राजु जाट, मुकेश पाटीदार, समाजसेवी नरेश हरजानी, वीरेंद्र पाटीदार, पार्षद प्रतिनिधि गोवर्धन नाथ योगी, भेरूलाल धनगर, सहित संस्थान के पदाधिकारी, संतगण, धर्माचार्य, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि, मातृशक्ति, युवा वर्ग एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण एवं सामूहिक मंगलकामनाओं के साथ हुआ।




## स्वच्छता का निरन्तर वातावरण बनाएं, परिवर्तन एक दिन निश्चित आएगा : भावनानी

**मन्दसौर।** चाहे कितना भी कठिन प्रकल्प हो, यदि आप उसकी सफलता के लिए सत्यनिष्ठा व दृढ़ संकल्प के साथ निरन्तर प्रयास करेंगे तो आपको एक दिन सफलता अवश्य प्राप्त होगी। मन्दसौर नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने के पवित्र लक्ष्य को लेकर अनुराग संस्था पिछले तीन वर्षों से निरन्तर प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को जनजागरण पदयात्रा के माध्यम से प्रयासरत है। तत्संबंध में मन्दसौर नगर को स्वच्छ बनाने हेतु एक प्रस्ताव भी नगरपालिका को प्रस्तुत कर रखा है। विश्वास है एक न एक दिन स्वच्छता प्रस्ताव को स्वीकार कर लागू करेगी व साथ ही मन्दसौर नगर की सुधि जनता का भी पूर्ण सहयोग मिलेगा।

उक्त बात समाजसेवी श्रीचंद भावनानी ने कही। वे अनुराग संस्था द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण व जल संवर्धन को लेकर निकाली जाने वाली जनजागरण पदयात्रा के अवसर पर अपनी भावना व्यक्त कर रहे थे।

अनुराग जनजागरूकता पदयात्रा में राजनारायण भटनागर, सत्यनारायण भूरिया, इंजी. सुनील व्यास, इंजी. एस. के. जैन, रमेश सोनी, त्रिलोकचंद खत्री, घीसुलाल तालविया आदि गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। संचालन गोपालकृष्ण पंचारिया ने किया।

**एक नजर** ▶ **मंदसौर में शताब्दी वर्ष हिन्दू सम्मेलन संपन्न**

# पंच परिवर्तन विषयों पर जनजागरण कार्यक्रम

**मंदसौर। शताब्दी वर्ष हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन शहीद उद्यम सिंह बस्ती, स्टेशन रोड, मंदसौर में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन का उद्देश्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाने हेतु पंच परिवर्तन— समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य, स्वदेशी एवं कुटुम्ब प्रबोधन—विषयों पर जनजागरण करना रहा। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में मातृशक्ति, बुजुर्गजन एवं युवा वर्ग की सहभागिता रही।**



सम्मेलन की मुख्य वक्ता दुर्गा वाहिनी मालवा प्रांत की विद्यार्थी प्रमुख एवं मंदसौर विभाग संयोजिका श्रीमती टीना शर्मा रहीं। शासकीय शिक्षिका के रूप में कार्यरत श्रीमती शर्मा ने अपने प्रेरक बौद्धिक में पंच परिवर्तन के महत्व को सरल उदाहरणों के माध्यम से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि समरसता के बिना सशक्त समाज की कल्पना संभव नहीं है तथा पर्यावरण संरक्षण आज विकल्प नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने स्वदेशी अपनाने, परिवार को संस्कारों से जोड़ने और जिम्मेदार नागरिक बनने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से बड़ा सामाजिक परिवर्तन संभव है।

इस अवसर पर रविन्द्र सोहनी ने भी बौद्धिक सत्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्य, उद्देश्य एवं समाज निर्माण में उसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने संघ के संगठनात्मक ढांचे, सेवा कार्यों एवं सामाजिक समरसता हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी, जिसे श्रोताओं ने गंभीरता से सुना।

कार्यक्रम का संचालन प्रवीण मिंडा ने किया।

मंच संचालन के दौरान वक्ताओं का परिचय कराते हुए उन्होंने कार्यक्रम की गरिमा बनाए रखी। आभार प्रदर्शन किशन गोयल ने किया। किशन गोयल, सुनील पोरवाल, दिलीप चौधरी, दीपक कोठारी, मुकेश जैन, भेरूलाल माली, योगेश गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता, नेमीचंद राठौर, जयदेव सिंह चौहान, भेरूलाल साल्वी, सुनील महाबली, राम कोटवानी, राजेन्द्र माथुर, गिरजा शंकर मोदी, राजकुमार गुप्ता, मनोहर लालवानी, मोहन माली, नीरज सेन, रवि कुमावत, योगेंद्र सिंह शक्तावत, भेरूलाल गेहलोत, गोपाल पारवानी, सुरेश होतवानी, श्रीमती सुनीता भावसार, श्रीमती रंजनी चौहान, कुसुम गुप्ता सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन के पश्चात सहभोज का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने आत्मीयता के साथ सहभागिता की। कुल मिलाकर यह शताब्दी वर्ष हिन्दू सम्मेलन समाज को दिशा देने वाला, प्रेरक एवं सफल आयोजन सिद्ध हुआ।